# वाहनों की खुदरा बिक्री ने बनाया रिकॉर्ड

**पहली बार कुल बिक्री में ईवी का योगदान 11 प्रतिशत**

**दुपहिया की बिक्री 7.54 प्रतिशत बढ़ी**



**नई दिल्ली, 08 जून. देश में वाहनों की मांग में पिछले साल सितंबर से जारी तेजी अब भी बनी हुई है और वाहनों की खुदरा बिक्री ने मई महीने के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये. वाहन डीलरों से शीर्ष संगठन (फाडा) द्वारा वाहनों के पंजीकरण के आधार पर सोमवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि इस साल यात्री वाहनों, तिपहिया, ट्रैक्टरों और कुल बिक्री का मई का नया रिकॉर्ड बना है.**

वाहनों की कुल बिक्री 25,31,067 इकाई दर्ज की गयी जो पिछले साल मई के मुकाबले 9.55 प्रतिशत अधिक है, हालांकि इस साल अप्रैल (27.14 लाख) की तुलना में यह 6.75 प्रतिशत कम है. एक और खास बात यह रही कि पहली बार कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का योगदान 11 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया है. मई में यात्री वाहनों की बिक्री, जिसमें कारें, उपयोगी वाहन और वैन शामिल हैं, सालाना 23.25 प्रतिशत बढ़कर 4,02,591 इकाई रही. तिपहिया की बिक्री 3.56 फीसदी की वृद्धि के साथ 1,11,526 इकाई पर और ट्रैक्टरों की 11.17 फीसदी बढ़कर 83,092 इकाई पर रही. दुपहिया की बिक्री 7.54 प्रतिशत बढ़ी और मई में 18,44,947 इकाई हो गयी. वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 5.29 फीसदी बढ़ी और 83,823 इकाई दर्ज की गयी. इसमें 7.66 प्रतिशत की वृद्धि के साथ हल्के वाणिज्यिक वाहनों का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा.

> फाडा के अध्यक्ष सी.एम. विग्नेश्वर ने इन आंकड़ों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद मई में वाहनों की बिक्री अच्छी बनी रही. दुपहिया वाहनों में शहरी इलाकों में बिक्री 11.75 प्रतिशत बढ़ी है जबकि ग्रामीण इलाकों में 4.74 प्रतिशत की वृद्धि हुई. खास बात यह है दुपहिया में ईवी की हिस्सेदारी 9.25 प्रतिशत बढ़ी है. यह एक साल पहले 6.11 प्रतिशत पर थी. वहीं, यात्री वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों में ज्यादा तेजी से बढ़ी.

## कोटक लाइफ ने 1,398 करोड़ रुपये बोनस की घोषणा की

**मुंबई, 08 जून.** जीवन बीमा के क्षेत्र में काम करने वाली कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी सोमवार को अपने 7.7 लाख पॉलिसीधारकों के लिए 1,398 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की. कोटक महिंद्रा बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी द्वारा दिया जाने वाला यह बोनस पिछले वर्ष की तुलना में 18.7 प्रतिशत अधिक है. कंपनी लगातार 25वें साल बोनस का भुगतान कर रही है. कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2025ड्ड26 के लिए व्यक्तिगत दावों में 99.50 प्रतिशत तथा समूह दावों में 99.80 प्रतिशत का दावा निपटान अनुपात होने की भी घोषणा की है. उसने बताया कि वित्त वर्ष के दौरान कोटक लाइफ ने व्यक्तिगत और समूह दोनों श्रेणियों को मिलाकर कुल 1,52,860 दावों का निपटान किया.

# कम होगा विमान सेवा कंपनियों का मुनाफा

**शुद्ध लाभ 23 अरब डॉलर रहने का अनुमान है**

**2025 के 76.4 अरब डॉलर से कम होकर 48 अरब डॉलर**



**रियो डी जेनेरियो, 07 जून. पश्चिम एशिया संकट और विमान ईंधन की ऊंची कीमतों के कारण इस साल विमान सेवा कंपनियों का मुनाफा घटकर आधा रह सकता है. अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आयटा) की रविवार को जारी एक पूर्वानुमान में यह बात कही गयी है.**

वैश्विक एयरलाइन उद्योग के लिए अपने नवीनतम वित्तीय पूर्वानुमान में आयटा ने कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न व्यवधानों और ईंधन की ऊंची कीमतों के कारण विमान सेवा कंपनियों की लाभ कमाने की क्षमता लगभग आधी रह जायेगी. आयटा ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों की स्थिति काफी अलग-अलग है. पश्चिम एशिया युद्ध के केंद्र में स्थित एयरलाइंस के लिए कमजोर मांग और परिचालन बाधाओं के कारण सामूहिक रूप से घाटे में जाने की संभावना है. इसके विपरीत, अन्य सभी क्षेत्रों के लाभ में रहने की उम्मीद है, लेकिन पहले के अनुमानों की तुलना में उनका मुनाफा भी कम होगा. पूर्वानुमान में बताया गया है कि साल 2026 में दुनिया भर की विमान सेवा कंपनियों का कुल शुद्ध लाभ 23 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जो पहले अनुमानित 41 अरब डॉलर का लगभग आधा है. यह 2025 के अनुमानित 45 अरब डॉलर के शुद्ध लाभ का भी लगभग आधा है.

> साल 2025 में अनुमानित लाभ मार्जिन 4.2 प्रतिशत रहा था. प्रति यात्री शुद्ध लाभ 4.50 डॉलर रहने का अनुमान है, जबकि 2025 में यह 9.10 डॉलर था. परिचालन लाभ साल 2025 के 76.4 अरब डॉलर से कम होकर 48 अरब डॉलर रहने की संभावना है. निवेश की गयी पूंजी पर प्रतिफल 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो साल 2025 के 6.6 प्रतिशत से काफी कम है. आयटा का अनुमान है कि उद्योग का कुल राजस्व इस साल 1,165 अरब डॉलर तक पहुँचने की उम्मीद है, जो 2025 के 1,065 अरब डॉलर से 9.4 प्रतिशत अधिक है. भरी सीटों का अनुपात 84 प्रतिशत के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच सकता है, जबकि 2025 में यह 83.5 प्रतिशत था.



# सेंसेक्स 800 अंक टूटा

**नई दिल्ली, 08 जून. पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बीच सोमवार को भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत तेज गिरावट के साथ हुई. शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में करीब 1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई.**


सेंसेक्स 800 अंकों से अधिक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,421.61 पर खुला, जबकि निफ्टी 286 अंक यानी 1.22 प्रतिशत टूटकर 23,080.70 पर पहुंच गया. सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो रियल्टी, मेटल, ऑटो और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली देखने को मिली. रियल्टी इंडेक्स करीब 2 प्रतिशत टूटा, जबकि मेटल, ऑटो और आईटी इंडेक्स में 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई.

निफ्टी के प्रमुख कमजोर शेयरों में विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस और श्रीराम फाइनेंस शामिल रहे. गिरावट केवल बड़ी कंपनियों तक सीमित नहीं रही. व्यापक बाजार में भी दबाव देखने को मिला. निफ्टी मिडकैप 100, मिडकैप 150 और स्मॉलकैप इंडेक्स करीब 1 प्रतिशत तक फिसल गए. इस बीच बाजार में अस्थिरता भी बढ़ गई.

### कच्चे तेल की कीमतों में भी रही तेजी

इंडिया वीआईएक्स (वोलैटिलिटी इंडेक्स) लगभग 15 प्रतिशत उछलकर 18 के आसपास पहुंच गया. निफ्टी के लिए 23,100-23,000 का स्तर तत्काल समर्थन क्षेत्र है, जबकि 23,500-23,700 का दायरा प्रमुख प्रतिरोध बना हुआ है. कच्चे तेल की कीमतों में भी तेजी देखी गई. अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 4 प्रतिशत बढ़कर 96.90 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 4.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 94.75 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता दिखा. एशियाई बाजारों में भी कमजोरी का माहौल रहा. जापान का निक्केई करीब 4 प्रतिशत गिर गया, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 5 प्रतिशत तक टूट गया और हांगकांग का हैंग सेंग लगभग 1 प्रतिशत नीचे कारोबार करता दिखा.

# सोना 2,000 और चांदी 6,500 रुपये लुढ़की



**नई दिल्ली, 08 जून.** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू कमोडिटी बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई. शेयर बाजार में कमजोरी के बीच कीमती धातुओं में भी तेज बिकवाली देखने को मिली. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोमवार को सोना और चांदी, दोनों के भाव में बड़ी गिरावट दर्ज की गई. खासतौर पर चांदी की कीमतों में आई तेज गिरावट ने निवेशकों का ध्यान खींचा, क्योंकि इसका भाव ढाई लाख रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर से नीचे पहुंच गया.

एमसीएक्स पर चांदी का वायदा भाव सोमवार को कारोबार शुरू होते ही तेज गिरावट के साथ 2,41,990 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया. पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,48,537 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी, यानी एक ही दिन में चांदी की कीमत में 6,500 रुपए से अधिक की गिरावट दर्ज की गई.

आज एमसीएक्स सिल्वर जुलाई वायदा 2,51,001 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुला और यही दिन का उच्च स्तर रहा, वहीं दिन के कारोबार में गिरकर 2,39,064 रुपए का दिन का निम्नतम स्तर छुआ. हालांकि खबर लिखे जाने तक यह चांदी 6,512 रुपए यानी 2.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,42,025 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार करती हुई नजर आई.

> अगर जून महीने की शुरुआत से अब तक के प्रदर्शन पर नजर डालें तो चांदी में करीब 24,000 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट आ चुकी है. महीने की शुरुआत में इसका भाव 2,66,163 रुपए प्रति किलोग्राम के आसपास था, जो अब काफी नीचे आ चुका है. इससे स्पष्ट है कि जून का महीना अब तक चांदी के लिए दबाव भरा रहा है. चांदी अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से भी काफी नीचे कारोबार कर रही है.

## वीकेंड में कमाएं हर माह 25,000 रुपए

**नई दिल्ली, 8 जून.** महंगाई और बढ़ते घरेलू खर्चों के बीच केवल एक सैलरी पर निर्भर रहना कई लोगों के लिए चुनौती बनता जा रहा है. ऐसे में नौकरी के साथ अतिरिक्त आय के स्रोत तलाशने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है. डिजिटल प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन अवसरों ने अब यह संभव बना दिया है कि लोग अपनी नियमित नौकरी छोड़े बिना सप्ताहांत में कुछ घंटे काम करके हर महीने अच्छी अतिरिक्त कमाई कर सकें. वीकेंड का सही उपयोग कर कई तरह के पार्ट-टाइम कार्य शुरू किए जा सकते हैं. इनमें फेसलेस वीडियो कंटेंट बनाना, फ्रीलांसिंग, ऑनलाइन ट्यूशन, सोशल मीडिया मैनेजमेंट और डेटा एंट्री जैसे विकल्प प्रमुख हैं. बिना चेहरा दिखाए वीडियो या रील्स बनाना आज तेजी से लोकप्रिय हो रहा है.

# स्मार्टफोन नोवा2 लॉन्च ओपन ट्रायल में बदला



**नई दिल्ली, भारत, 8 जून. भारतीय स्मार्टफोन उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल करते हुए एआई+ स्मार्टफोन ने घोषणा की है कि वह अपने आगामी नोवा2 नियो और नोवा2 प्रो स्मार्टफोन को बिक्री शुरू होने से पहले ही देशभर के रिव्यूअर्स, कंटेंट क्रिएटर्स, पत्रकारों और टेक्नोलॉजी समुदाय के सदस्यों को उपलब्ध कराएगा, ताकि वे इन डिवाइसेज़ की खुलकर समीक्षा कर सकें और अपनी निष्पक्ष राय दे सकें.**

ऐसे समय में जब उद्योग आमतौर पर लॉन्च इवेंट्स पर केंद्रित रहता है, एआई+ स्मार्टफोन ने अलग रास्ता चुना है, जहाँ प्रचार से पहले संवाद, बिक्री से पहले फीडबैक और मार्केटिंग से पहले उपभोक्ताओं को महत्व दिया जा रहा है.

एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस के संस्थापक माधव शेठ ने कहा, 'ऐसे समय में जब प्रोडक्ट लॉन्च के साथ अक्सर पहले से तय और नियंत्रित संदेश पेश किए जाते हैं, एआई+ एक अलग सोच के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें लॉन्च के दिन की मार्केटिंग से ज्यादा उपभोक्ताओं के हित को प्राथमिकता दी जाती है.

# रिलायंस इंफ्रा ने एआई कारोबार में रखा कदम



**मुंबई, 08 जून. बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कारोबार के क्षेत्र में कदम रखते हुए तीन नयी सहायक कंपनियां बनाने की सोमवार को घोषणा की.**

ये कंपनियां रिलायंस एआई वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड, रिलायंस एआई एपेक्स प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस एआई वन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से बनायी गयी हैं. इस घोषणा के बाद रिलायंस इंफ्रा के शेयर पांच प्रतिशत (4.10 रुपये) चढ़कर 86.17 रुपये पर पहुंच गये.

रिलायंस इंफ्रा ने शेयर बाजारों को बताया है कि तेजी से बढ़ते एआई और नए जमाने की प्रौद्योगिकियों का हिस्सा बनने के लिए उसने अपनी नयी सहायक कंपनियों के जरिये अपने कारोबार में एआई और संबंधित प्रौद्योगिकी आधारित गतिविधियों को शामिल करने के लिए कदम उठाये हैं.

## 59% डीलर्स को आने वाले तीन महीनों में अपनी बिक्री बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली, 08 जून.** भारतीय ऑटोमोबाइल डीलरों का भरोसा आगामी तिमाही के लिए मजबूत हुआ है. जून, जुलाई और अगस्त 2026 के दौरान 59.07 प्रतिशत डीलरों को कारोबार में वृद्धि की उम्मीद है. पिछली सर्वेक्षण अवधि की तुलना में डीलरों का विश्वास बढ़ा है, जिससे उद्योग का निकट भविष्य का दृष्टिकोण सतर्क आशावाद से भरा दिखाई देता है. जून महीने के लिए 50.52 प्रतिशत डीलरों ने बिक्री बढ़ने की उम्मीद जताई है.

# स्पाइसजेट लेगी तीन ए320 विमान

**नई दिल्ली, 08 जून. पीक सीजन में अपनी परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए निजी विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने डैम्प लीज पर तीन ए320 विमानों को अपने बेड़े में शामिल करने की घोषणा की है. एयरलाइंस ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन तीनों विमानों के लिए लीज समझौते को अंतिम रूप दे दिया गया है. ये जुलाई में एयरलाइन के बेड़े में शामिल होने वाले हैं.**

डैम्प लीज के तहत विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी ही पायलट भी देती है, जबकि केबिन क्रू परिचालन करने वाली एयरलाइंस का होता है. विमान के रखरखाव, बीमा आदि की जिम्मेदारी भी विमान देने वाली कंपनी की ही होती है. स्पाइसजेट ने इसके अलावा हाल ही में एक बोइंग 737 मैक्स विमान को भी सफलतापूर्वक फिर से सेवा में शामिल कर लिया है. यह अतिरिक्त क्षमता व्यस्त यात्रा सीजन के दौरान एयरलाइंस की नेटवर्क आवश्यकताओं को पूरा करने में मददगार होगी और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर अधिक परिचालन में अधिक लचीलापन लायेगी.


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्सः +914445644022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट IV [नियम 8 (1)] कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय) के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 22.12.2025 को एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ता, सह-उधारकर्ताओं और गारंटरों 1. हुकम प्रसाद शर्मा 2. शशि बाई को नोटिस में उल्लिखित राशि, जो कि रू. 6,96,123.58/- (छह लाख छियानवे हजार एक सौ तेईस और अट्ठावन पैसे मात्र) 19.12.2025 तक है, को उक्त मांग नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया है।

ऋणकर्ताओं द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने के कारण, ऋणकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक 4 जून 2026 को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

ऋणकर्ताओं और आम जनता को विशेष रूप से आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय) द्वारा रू. 6,96,123.58/- (छह लाख छियानवे हजार एक सौ तेईस और अट्ठावन पैसे मात्र) और उस पर ब्याज के प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

**बंधक संपत्ति का विवरण**

मकान सं. 45 का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 30x40 = 1200 वर्ग फुट (यानी 111.52 वर्ग मीटर) है, जिसमें आवासीय आरसीसी क्षेत्र 76 वर्ग मीटर (यानी 55.76 वर्ग मीटर) और टीन शेड क्षेत्र 600 वर्ग फुट (यानी 55.76 वर्ग मीटर) शामिल है, जो ग्राम निनोद, ग्राम पंचायत निनोद, तहसील और जिला रायसेन, म.प्र.-464651 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सड़क, पश्चिम में फूल सिंह पाल का घर, उत्तर में जुगराज का घर, दक्षिण में रामबाबू का घर।

दिनांक: 04.06.2026
स्थान: मध्यप्रदेश
ऋण खाता संख्या: 132274848 और 167237035

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)


समाचार विशेष

# थलापति विजय के खिलाफ खामोश बिसात



**चेन्नई. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के अध्यक्ष थलापति विजय की राजनीतिक करियर को लेकर चौंकाने वाली खबर आ रही है. कई मीडिया में दावा किया जा रहा है कि विजय से अलग रह रहीं उनकी पत्नी**

## पर्दे के पीछे तैयार हो रहा बड़ा चेहरा कौन?

**संगीता सोर्नालिंगम जल्द ही राजनीति में एंट्री कर सकती हैं. चर्चा है इस बात की है कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ज्वाइन कर सकती हैं. क्या है इस दावे की पूरी सच्चाई?**

तमिलनाडु की सियासत रोजाना एक नया मोड़ ले रहा है. पहले सुपरस्टार थलापति विजय की पॉलिटिक्स में इंट्री फिर उनका मुख्यमंत्री बनना. हालांकि, अभी राजनीति गलियारों और मीडिया में जो खबरें चल रही हैं, उससे विजय की कुर्सी डगमगा सकती है. मीडिया और राजनीतिक हलकों में यह जोरदार चर्चा शुरू हो गई है कि विजय की पत्नी संगीता सोर्नालिंगम जल्द ही सक्रिय राजनीति में कदम रख सकती हैं और वह भी विजय की विरोधी पार्टी के झंडे तले.

कहा जा रहा है कि संगीता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकती हैं. उनको भाजपा में शामिल कराने के लिए पर्दे के पीछे बड़ी तैयारी चल रही है. अगर इन खबरों में थोड़ी भी सच्चाई है, तो यह तमिलनाडु की राजनीति में विजय के लिए एक बहुत बड़ा व्यक्तिगत और राजनीतिक झटका हो सकता है. विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भाजपा के शीर्ष नेता संगीता सोर्नालिंगम को पार्टी में शामिल करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं. चेन्नई के सियासी गलियारों में यह भी सुगबुगाहट है कि एक जानी-मानी अभिनेत्री, जो वर्तमान में भाजपा की वरिष्ठ नेता हैं,

### कहां से शुरू हुई इस दावे की पटकथा?

संगीता सोर्नालिंगम के इस नए राजनीतिक सफर की चर्चा ग्रेट आंध्र की एक रिपोर्ट के बाद शुरू हुई. इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद से ही सोशल मीडिया और न्यूज चैनलों पर इस बात की बहस छिड़ गई है कि क्या संगीता अपने पति विजय के खिलाफ एक मजबूत राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बनकर उभरेंगी. अगर संगीता के बैकग्राउंड की बात करें, तो वह एक श्रीलंकाई तमिल उद्योगपति परिवार से ताल्लुक रखती हैं, जो बाद में लंदन में बस गया था. संगीता पहली बार विजय से एक फैन (प्रशंसक) के रूप में मिली थीं, जिसके बाद दोनों में प्यार हुआ और साल 1999 में उन्होंने शादी कर ली. उनके दो बच्चे हैं - जेसन संजय और दिव्या साशा. फिलहाल, संगीता के भाजपा में जाने की यह खबर महज एक कयास और अफवाह है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है. पिछले काफी समय से थलापति विजय और संगीता के बीच आपसी मतभेद और अलगाव की खबरें आ रही हैं.

विशेष | अब सांसदों पर बागी एमएलए गुट की नजर, दीदी के लाडले की बढ़ीं मुश्किलें!

# ममता से बैर नहीं, अभिषेक की खैर नहीं

**कोलकाता. पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी में चल रहे अंदरूनी कलह की आंच अब राष्ट्रीय स्तर पर भी दिखने लगी है. बुधवार को पार्टी को अपने 28 साल के इतिहास में सबसे बड़ी फूट का सामना करना पड़ा. पार्टी से निष्कासित नेता ऋतब्रत बनर्जी ने 58 विधायकों के साथ विधानसभा में विधायक दल पर कब्जा जमा लिया. बागी विधायकों ने ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में अपना नेता चुन लिया. विधानसभा अध्यक्ष ने भी इसकी मान्यता दे दी.**



विधानसभा के बाद अब संसदीय दल में भी टूट की संभावना बढ़ा गई है. इस घटना के बाद बागी नेताओं ने स्पष्ट कहा है कि उनकी लड़ाई ममता बनर्जी से नहीं, बल्कि उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के खिलाफ है.

सूत्रों के मुताबिक बागी गुट विधानसभा में अपनी पकड़ मजबूत करने के बाद टीएमसी सांसदों को अपने पाले में करने की तैयारी हैं. वे लगातार ज्यादा सांसदों का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं. लोकसभा में वर्तमान में टीएमसी के 29 सांसद हैं. पार्टी की तरफ से अभिषेक बनर्जी को संसदीय दल का नेता बनाया गया है. ऐसे में अगर बड़ी संख्या में टीएमसी सांसद, बागी नेताओं के पाले में आते हैं तो संसदीय नेतृत्व में भी बदलाव होगा और अभिषेक बनर्जी की कुर्सी भी जा सकती है.

### अभिषेक के लिए सबसे बड़ी चुनौती

टीएमसी पार्टी के संसदीय दल में टूट होने पर यह ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के लिए सबसे बड़ी चुनौती साबित होगी. इस समय अभिषेक लोकसभा में पार्टी के संसदीय दल के नेता हैं. ऐसे में ज्यादातर सांसदों के बागी गुट के साथ चले जाने पर अभिषेक की राष्ट्रीय राजनीति प्रभावित होगी. साथ ही मुख्य विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक में ञ्रस्ष्ट की भूमिका पर प्रश्नचिंह लग सकता है. हालांकि, अब देखना यह है कि ये बागी गुट विधानसभा के जैसे संसद में भी अपनी सफलता दोहरा पाते हैं या नहीं, लेकिन अगर ऐसा हुआ तो विधानसभा के साथ-साथ संसद और पार्टी के नेतृत्व पर भी ममता बनर्जी के लिए गंभीर चुनौती खड़ी हो जाएगी.


CENTRUM Home Loans
Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट और पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नंबर 801, सेंट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई - 400098, सीआईएन नंबर U65922MH2016PLC273826

**कब्जा नोटिस**

(प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) और नियम 8(2) के साथ पठित परिशिष्ट क्ष् के अनुसार)

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी हैं तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर को नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि को संविदागत ब्याज, दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि सहित उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किया जाता है। उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित, नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को इस संपत्ति से कोई लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा उस पर संविदात्मक ब्याज और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि की राशि के प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

| स. क्रं. | ऋण खाता सं. उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता का नाम/ | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति) | मांग की तिथि नोटिस और कुल बकाया राशि (रु.) | कब्जा लेने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JLRSG20005217 राजेंद्र नगरिया/ रानी नगरिया | अचल संपत्ति के अधिकार, भाग और अंश में ख.स.126/16, 127/2, 127/3 और 127/4 के भाग पर स्थित भूखंड, क्षेत्रफल 1033 वर्ग फुट, म.सं.64, मौजा-धर्मश्री, अंबेडकर वार्ड सं. 48, सर्किल सागर-1, तह. एवं जिला -सागर-470003, म.प्र.। सीमाएँ:- पूर्वः 17 फुट चौड़ी सड़क, पश्चिमः लाडियाजी का भूखंड, उत्तरः 3 फुट चौड़ा नाला दक्षिणः ठाकुर साहब का भूखंड | 27-जनवरी-26/ रू. 11,88,294/- (ग्यारह लाख अठासी हजार दो सौ चौरानवे मात्र) | 05-06-2026 |

दिनांक : 09.06.2026
स्थान: मध्यप्रदेश

एसडी/- सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए अधिकृत अधिकारी